उत्तराखण्ड शासन,
ग्राम्य विकास विभाग
संख्या : /8–2/4/MGNREGS/2015–16
देहरादून, 14 अक्टूबर, 2016

दिनांक 6 अक्टूबर, 2016 को अपर मुख्य सचिव, उत्तराखण्ड शासन की अध्यक्षता में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजनान्तर्गत शिकायतों के निवारण हेतु लोकपाल का जनपदवार चयन करने हेतु चयन समिति की बैठक आहूत की गयी। प्रदेश के समस्त जनपदों (बागेश्वर एवं हरिद्वार को छोड़कर) अल्मोड़ा, चमोली, चम्पावत, देहरादून, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल ऊधमसिंह नगर एवं उत्तरकाशी से लोकपाल के पैनल हेतु नामों को नियमानुसार चयन कर शासन को प्रस्तावित कराने हेतु निर्देश दिये गये थे जिसके क्रम में जनपदों द्वारा आवेदकों के नाम शासन को उपलब्ध कराये गये हैं। आवेदकों के चयन पर विभिन्न जनपदों में लोकपाल के चयन हेतु चयन समिति द्वारा विचारोपरान्त निम्न आवेदकों का चयन किया गया–

क्र०सं०	जनपद	चयनित लोकपाल
1	अल्मोड़ा	श्री राजेन्द्र प्रसाद जोशी
2	चमोली	श्री शेखर सिंह रावत
3	चम्पावत	डॉ० भुवन चन्द्र जोशी
4	नैनीताल	श्री आर०पी० पंत
5	पौड़ी गढ़वाल	श्री सुत्ता लाल
6	पिथौरागढ़	श्री प्रफुल्ल कुमार पंत
7	रुद्रप्रयाग	डॉ० ओम प्रकाश भट्ट
8	टिहरी गढ़वाल	श्री पद्म सिंह नेगी
9	ऊधमसिंह नगर	श्री नारायण सिंह जीना

उपरोक्त चयनित आवेदकों की सूची को चयन समिति के निर्देशानुसार विभागीय एवं NIC की वेबसाइट पर जनसामान्य को आपत्ति/टिप्पणी देनी हो तो एक माह के भीतर अधोहस्ताक्षरी को अपने पूर्ण विवरण के साथ उचित साक्ष्यों सहित लिखित रूप में भेजी जा सकती है, जिसका चयन समिति द्वारा अगले एक माह के भीतर निराकरण किया जायेगा।

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास

संख्या : 617 /8–2/4/MGNREGS/2015–16 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि : निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. अधिशासी निदेशक/अपर सचिव, राज्य एमजीएनआरईजीएस प्रकोष्ठ, ग्राम्य विकास विभाग, उत्तराखण्ड।
2. निदेशक, राज्य प्रौद्योगिकी केन्द्र, उत्तराखण्ड, देहरादून को अनुरोध के साथ कि उक्त पत्र को विभाग की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
3. अपर आयुक्त, ग्राम्य विकास निदेशालय, उत्तराखण्ड, पौड़ी।
4. जिलाधिकारी, अल्मोड़ा, चमोली, चम्पावत, नैनीताल, पौड़ी गढ़वाल, पिथौरागढ़, रुद्रप्रयाग, टिहरी गढ़वाल एवं ऊधमसिंह नगर।

(मनीषा पंवार)
प्रमुख सचिव, ग्राम्य विकास